Drishti IAS

# डेली करेंट क्विज़

## (संग्रह)



## अक्टूबर भाग-2 2022

Drishti, 641, First Floor,
Dr. Mukharjee Nagar, Delhi-110009
Inquiry ( English ): 8010440440,
Inquiry ( Hindi ): 8750187501
Email: help@groupdrishti.in

## प्रश्न भाग-2

1. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?
   1. दक्षिण पूर्व एशिया का महाद्वीपीय भू-भाग दक्षिण चीन सागर से घिरा है, जो कि पश्चिमी प्रशांत महासागर का एक महत्त्वपूर्ण भाग है।
   2. ताइवान जलडमरूमध्य दक्षिण चीन सागर को पूर्वी चीन सागर से जोड़ता है।

   नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

2. 'मनरेगा' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह लगातार गरीबी के मूल कारणों को दूर करने के लिये अधिकार-आधारित दृष्टिकोण को संबोधित करता है।
   2. उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रम (CPI-AL) में परिवर्तन के अनुसार मनरेगा मज़दूरी दरों का निर्धारण किया जाता है।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1
   B. केवल 2
   C. 1 और 2 दोनों
   D. न तो 1 और न ही 2

3. इंडियन बाइसन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह भारत में पाए जाने वाले जंगली मवेशियों की सबसे छोटी प्रजाति है।
   2. यह दक्षिण और दक्षिण पूर्व एशिया के मूल निवासी है।
   3. वे हिमालय में 6,000 फीट से अधिक ऊँचाई पर पाए जाते हैं।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 2
   D. 1, 2 और 3

4. पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन (EAS) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. इसकी अध्यक्षता केवल आसियान सदस्य ही कर सकते हैं।
   2. भारत ईएएस के संस्थापक सदस्यों में से एक है।
   3. भारत ने ईएएस 2019 में इंडो-पैसिफिक ओशन इनिशिएटिव (IPOI) का अनावरण किया।

   उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

   A. केवल 1 और 2
   B. केवल 2 और 3
   C. केवल 1 और 3
   D. 1, 2 और 3

5. चुनाव चिह्न (आरक्षण और आवंटन) आदेश, 1968 के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:
   1. यह प्रतीकों के आवंटन सहित राजनीतिक दलों की मान्यता की निगरानी करता है।
   2. आदेश के प्रावधानों के अनुसार, चुनाव आयोग पार्टी के प्रतीकों के विवाद पर निर्णय करता है।
   3. यह टेलीविजन और रेडियो स्टेशनों पर राजनीतिक प्रसारण के लिये समय स्लॉट की निगरानी नहीं करता है।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

6.. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

1. साइलेंट वैली नेशनल पार्क नीलगिरी हिल पर नीलगिरी बायोस्फीयर रिज़र्व का मुख्य हिस्सा है।
2. नीलगिरी हिल्स, जिसका शाब्दिक अर्थ है नीले पहाड़, नीलकुरिंजी के बैंगनी-नीले फूलों से नाम मिला है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

7. "ई-अपशिष्ट" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. अंतर्राष्ट्रीय ई-अपशिष्ट दिवस 2022 का थीम 'रीसाइकल इट ऑल, नो मैटर हाउ स्मॉल' है।
2. अपशिष्ट विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरण (WEEE) फोरम ई-अपशिष्ट से संबंधित एक भारतीय गैर-लाभकारी संगठन है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

8. "कानूनी प्रणाली में भाषाएँ" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के संविधान के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय और प्रत्येक उच्च न्यायालय एवं ज़िला न्यायालय में सभी कार्यवाही अंग्रेजी में आयोजित की जाएगी।
2. राज्यपाल, मंत्रिपरिषद की पूर्व सहमति से उच्च न्यायालय की कार्यवाही में हिंदी या किसी भी आधिकारिक उद्देश्य के लिये उपयोग की जाने वाली किसी अन्य भाषा के उपयोग को अधिकृत करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

9. भारत का पहला एल्युमिनियम फ्रेट रेक '61 BOBRNHSM1', जिसका कभी-कभी समाचारों में उल्लेख होता है, का उद्घाटन किस रेलवे स्टेशन पर किया गया ?

A. इंदौर

B. भुवनेश्वर

C. बेंगलुरु

D. चंडीगढ़

नोट :

10. भारत में 'कोयला' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. एन्थ्रेसाइट कोयला केवल पश्चिम बंगाल में पाया जाता है।
2. भारत में अधिकांश कोयला गोंडवाना क्षेत्र से प्राप्त होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

11. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. इनफिनिटी फोरम, फिनटेक में विचारों को बढ़ावा देने के लिये अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA) का प्रमुख फिनटेक कार्यक्रम है।
2. गिफ्ट सिटी नियामक IFSCA और ब्लूमबर्ग फिनटेक नेतृत्व मंच की सह-मेज़बानी कर रहे हैं।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

12. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संयुक्त राष्ट्र आपदा जोखिम न्यूनीकरण कार्यालय (UNDRR) और विश्व मौसम विज्ञान संगठन (WMO) द्वारा बहु-जोखिम पूर्व चेतावनी प्रणालियों की वैश्विक स्थिति- लक्ष्य G रिपोर्ट जारी की गई है।
2. लक्ष्य G का उद्देश्य बहु-जोखिम पूर्व चेतावनी प्रणालियों की उपलब्धता में पर्याप्त वृद्धि करना है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

13. पीएम-किसानयोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह एक केंद्र प्रायोजित योजना है।
2. यह केवल 5 हेक्टेयर तक भूमि वाले छोटे और सीमांत किसानों को लक्षित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

14. कुरील द्वीप के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह चीन और जापान के बीच विवादित द्वीप है।
2. यह जापान सागर और प्रशांत महासागर को विभाजित करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

15. कामिकेज़ ड्रोन के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इन्हें स्विचब्लेड भी कहा जाता है।
2. इन ड्रोन में अपने लक्ष्यों पर प्रहार करने के लिये पारंपरिक मोर्चाबंदी को पार करने की क्षमता होती है।
3. इन छोटे घातक ड्रोनों का पता रडार पर लगाया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2 और 3

16. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. SIPRI के अनुसार, वर्ष 2021 में सबसे बड़ा सैन्य खर्च संयुक्त राज्य अमेरिका का था।
2. SIPRI वैश्विक स्तर पर संघर्ष, हथियार, हथियार नियंत्रण और निरस्त्रीकरण पर अनुसंधान को बढ़ावा देता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

17. 'डेफएक्सपो' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. HTT-40 (हिंदुस्तान टर्बो ट्रेनर-40), हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (HAL) द्वारा डिज़ाइन और विकसित स्वदेशी ट्रेनर विमान, एक्सपो 2022 के दौरान लॉन्च किया गया था।
2. यह रक्षा मंत्रालय का प्रमुख वार्षिक कार्यक्रम है, जिसमें भूमि, नौसेना, वायु और मातृभूमि सुरक्षा प्रणालियाँ शामिल हैं।।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

18. एशियाई तटरक्षक एजेंसियों के प्रमुखों की बैठक (HACGAM) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह 23 एशियाई देशों का बहुपक्षीय मंच है।
2. भारतीय नौसेना 18वें HACGAM की मेज़बानी कर रही है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

19. बुकर पुरस्कार के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह केवल राष्ट्रमंडल देशों तक ही सीमित है।
2. इसकी स्थापना 1969 में यूके में की गई थी।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

20. समान नागरिक संहिता (UCC) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के अनुच्छेद 44 में वर्णित है कि राज्य भारत के पूरे क्षेत्र में नागरिकों के लिये एक समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा।
2. UCC किसी भी भारतीय राज्य में लागू नहीं है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
A. 1 और 2 दोनों
B. न तो 1 और न ही 2

21. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. के.एस. पुट्टास्वामी बनाम भारत संघ मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने निर्णय दिया कि निजता का अधिकार एक प्राकृतिक अधिकार है।
2. इसके अलावा निजता का अधिकार अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार के आंतरिक हिस्से के रूप में संरक्षित है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

22. 'राष्ट्रीय समुद्री विरासत परिसर (NMHC)' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसका उद्देश्य लोथल को विश्व स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करना है।
2. मैरीटाइम और नेवी थीम पार्क एनएमएचसी के तहत चार थीम पार्कों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

23. यूएनएससी 1267 समिति के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसे अलकायदा प्रतिबंध समिति के नाम से भी जाना जाता है।
2. इसमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (UNSC) के केवल स्थायी सदस्य शामिल हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

24. "एक भारत श्रेष्ठ भारत पहल" वर्ष 2015 में विभिन्न राज्यों/केंद्रशासित प्रदेशों के लोगों के बीच जुड़ाव को बढ़ावा देने के लिये लॉन्च किया गया था। निम्नलिखित में से कौन इस कार्यक्रम के लिये नोडल मंत्रालय है?

A. शिक्षा मंत्रालय
B. विदेश मंत्रालय
C. गृह मंत्रालय
D. सहकारिता मंत्रालय

25. हिंदी भाषा की संवैधानिक स्थिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 343 (1) के अनुसार, देवनागरी लिपि में हिंदी, संघ की आधिकारिक भाषा होगी।
2. भारतीय संविधान की अनुसूची 8 में हिंदी सहित 24 आधिकारिक भाषाएँ हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

26. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. लोक अदालत की स्थापना गांधीवादी सिद्धांतों पर की गई है।
2. लोक अदालत भारतीय संविधान में वर्णित एक संवैधानिक निकाय है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

27. "पिलर्स ऑफ़ क्रिएशन" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तारे के बीच की धूल और गैस से बने तीन उभरते टावरों का एक दृश्य है।
2. ये ईगल नेबुला के केंद्र में स्थित है, जिसे मेसियर 16 के नाम से भी जाना जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

28. धन शोधन निवारण अधिनियम (PMLA) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस अधिनियम के प्रावधान सभी वित्तीय संस्थानों, बैंकों और उनके वित्तीय मध्यस्थों पर लागू होते हैं।
2. प्रवर्तन निदेशालय (ED) को PMLA के प्रावधानों को लागू करने की ज़िम्मेदारी दी गई है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

29. निम्नलिखित में से कौन सा देश लाल सागर के साथ सीमा साझा करता है?

1. मिस्र
2. सऊदी अरब
3. यमन
4. सूडान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1, 2 और 3
B. केवल 2 और 3
C. केवल 3 और 4
D. 1, 2, 3 और 4

30. भारत में शिक्षा से संबंधित प्रावधानों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान के 42वें संशोधन ने शिक्षा को राज्य से संघ सूची में स्थानांतरित कर दिया।
2. 86वें संशोधन ने अनुच्छेद 21-ए के तहत शिक्षा को प्रवर्तनीय अधिकार बना दिया।
3. शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009, समाज के वंचित वर्गों के लिये 25% आरक्षण को अनिवार्य करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

31. अग्नि प्राइम (अग्नि-पी) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह तीन चरणों वाली कनस्तरीकृत मिसाइल है।
2. यह एकीकृत निर्देशित मिसाइल विकास कार्यक्रम (IGMDP) के तहत विकसित अग्नि शृंखला के मिसाइलों का नवीनतम और छठा संस्करण है।
3. यह लक्ष्य से वापस आने के दौरान उच्च युद्धाभ्यास कर सकती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही नहीं है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 1 और 2
C. केवल 2 और 3
D. 1, 2 और 3

32. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंकों के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसकी स्थापना नरसिम्हम समिति रिपोर्ट (1975) की सिफारिशों के आधार पर की गई थी।
2. क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक की इक्विटी का सबसे बड़ा हिस्सा उसके प्रायोजक बैंक के पास होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 न ही 2

नोट :

33. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

A. महानदी नदी प्रणाली गोदावरी नदी के बाद प्रायद्वीपीय भारत की दूसरी सबसे बड़ी नदी प्रणाली है।

B. महानदी छत्तीसगढ़ की सबसे बड़ी नदी है।

C. भारत का सबसे लंबा बाँध महानदी नदी पर बना है।

D. इनमे से कोई भी नहीं।

34."भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण (TRAI)" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. TRAI का प्रधान कार्यालय मुंबई, महाराष्ट्र में स्थित है।

2. यह किसी भी सेवा प्रदाता को अपने मामलों से संबंधित सूचना या स्पष्टीकरण लिखित रूप में प्रस्तुत करने के लिये कह सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो1 और न ही 2

35. चंदन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. प्रकृति के संरक्षण के लिये अंतर्राष्ट्रीय संघ (IUCN) द्वारा इसे संकटापन्न सूची में शामिल किया गया है।

2. भारत विश्व में चंदन के व्यापार में सबसे ज़्यादा योगदान देता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

36. 'लॉन्च व्हीकल मार्क 3' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इस उपग्रह प्रक्षेपण यान में L110 तरल चरण और C25 क्रायोजेनिक चरण शामिल हैं।

2. यह प्रक्षेपण यान 4,000 किलोग्राम वर्ग के उपग्रहों को जियोसिंक्रोनस ट्रांसफर ऑर्बिट में लॉन्च करने में सक्षम है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

37. निम्नलिखित में से कौन सा/से कथन सही है/हैं ?

1. भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 में निहित गरिमा तथा निष्पक्ष व्यवहार के अधिकार के तहत केवल मनुष्य ही नहीं बल्कि पशु भी शामिल हैं।

2. DPSP और मौलिक कर्तव्यों दोनों में वन्यजीवों की सुरक्षा का उल्लेख है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

38 उष्णकटिबंधीय चक्रवात के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये?

1. यह एक तीव्र चक्रीय तूफान है जो गर्म उष्णकटिबंधीय महासागरों में उत्पन्न होता है।
2. दक्षिणी गोलार्द्ध में तूफान वामावर्त घूमते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

39. पेट्रोलियम और विस्फोटक सुरक्षा संगठन (PESO) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. यह पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत एक संलग्न कार्यालय है।
2. यह विस्फोटक पदार्थों की सुरक्षा को विनियमित करने के लिये एक नोडल एजेंसी है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

40. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. बायोगैस एक अक्षय ईंधन है जो जैविक फीडस्टॉक से अवायवीय पाचन प्रक्रिया का उपयोग करके उत्पादित किया जाता है।
2. यह मुख्य रूप से मीथेन, कार्बन डाइऑक्साइड, हाइड्रोजन सल्फाइड और नमी के एक छोटे अंश से बनी होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

41. निम्नलिखित में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

1. संपूर्ण गूगल मोबाइल सेवाएँ (GMS) की अनिवार्य प्री-इंस्टॉलेशन मोबाइल एप्लीकेशन वितरण अनुबंध (MADA) का उल्लंघन करती है।
2. GMS, गूगल एप्लीकेशन और एप्लीकेशन प्रोग्रामिंग इंटरफ़ेस (API) का एक संग्रह है जो सभी डिवाइसों में कार्यक्षमता को सुविधाजनक बनाता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

42. डर्टी बम के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसमें अत्यधिक परिष्कृत रेडियोधर्मी सामग्री होती है जैसा कि परमाणु बम में उपयोग किया जाता है।
2. परमाणु हथियारों की तुलना में बहुत सस्ता और तेज होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

43.. नीचे दिये गए देशों में एजियन सागर को स्पर्श करने वाले देश हैं?

1. ग्रीस
2. तुर्किये
3. इटली
4. मेसेडोनिया

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये :

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 4

C. केवल 3

D. 1, 2, 3 और 4

44. भारतीय क्षेत्रीय नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम (IRNSS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. इसके चार उपग्रह भूस्थिर कक्षा में और तीन उपग्रह भू-समकालिक कक्षा में हैं।
2. इसकी पहुँच भारतीय क्षेत्र से केवल 1,500 किमी. दूर है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

45. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. आल्प्स ऊबड़-खाबड़ और ऊँची शंक्वाकार चोटियों से निर्मित एक वलित पर्वत शृंखला है।
2. आल्प्स नीस, फ्राँस के पास उपोष्णकटिबंधीय भूमध्यसागरीय तट से उत्तर में जिनेवा झील तक फैली हुई है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

46.निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. नोट्रे डेम पर्यावरण परिवर्तन पहल जलवायु परिवर्तन अनुकूलन कार्यक्रम का हिस्सा है।
2. जलवायु जोखिम को जोखिम प्रभाव के प्रति संवेदनशीलता और अनुकूलन क्षमता के संयोजन के रूप में परिभाषित किया जा सकता है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

नोट :

47. भुगतान संतुलन (BoP) के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. निर्यात में गिरावट और आयात में वृद्धि के कारण BoP मज़बूत होगा।
2. देश के BoP का उपयोग देश की मुद्रा के मूल्य में वृद्धि या मूल्यह्रास के संकेतक के रूप में किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

48. "भारत में हीटवेव" के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. हीटवेव तब मानी जाती है जब किसी स्टेशन का अधिकतम तापमान पहाड़ी क्षेत्रों के लिये कम-से-कम 40 डिग्री सेल्सियस और मैदानी इलाकों के लिये कम-से-कम 30 डिग्री सेल्सियस तक पहुँच जाता है।
2. भारत मौसम विज्ञान विभाग (IMD) हीटवेव को क्षेत्रों और उनके तापमान के अनुसार वर्गीकृत करता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

49 . निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गुप्तकालीन सिक्का परंपरा, जिसमें राजा को पीछे की तरफ और एक देवता को दर्शाया गया था, सातवाहनों के समान था।
2. गुप्तकालीन सिक्के विवाह संबंधों जैसी सामाजिक-राजनीतिक घटनाओं का स्मरण कराते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1
B. केवल 2
C. 1 और 2 दोनों
D. न तो 1 और न ही 2

50. झाग बनने के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. झाग के बुलबुले कार्बनिक पदार्थों के अपघटन के दौरान उत्पन्न होते हैं।
2. फिलामेंटस बैक्टीरिया की उपस्थिति, झाग बनने के कारणों में से एक है।
3. लंबे समय तक झाग के संपर्क में रहने से न्यूरोलॉजिकल समस्याएँ और हार्मोनल असंतुलन हो सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-से सही हैं?

A. केवल 1 और 2
B. केवल 2 और 3
C. केवल 1 और 3
D. 1, 2 और 3

51. निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

1. वन घोषणा आकलन 2022 के अनुसार, वैश्विक वनों की कटाई दर में वृद्धि हुई है।
2. वन घोषणा आकलन 2022 के अनुसार, ब्राज़ील वर्ष 2021 में वनों की कटाई में दुनिया का सबसे बड़ा योगदानकर्त्ता था।

नोट :

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

52. 'गरुड़ VII' के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. गरुड़-VII द्विपक्षीय वायु अभ्यास भारत और यूनाइटेड किंगडम द्वारा आयोजित किया जा रहा है।
2. इस द्विपक्षीय वायु सेना अभ्यास की मेजबानी यूनाइटेड किंगडम द्वारा की जाती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

53. मनुष्यों में निकट दृष्टि दोष( मायोपिया) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. मायोपिया एक ऐसी स्थिति है जब व्यक्ति दूर की वस्तुओं को देख सकता है लेकिन पास की वस्तुओं को स्पष्ट रूप से नहीं देख सकता है।
2. अवतल लेंस का उपयोग करके मायोपिक दृष्टि दोष को ठीक किया जा सकता है।

उपर्युक्त में से कौन-सा/से कथन सही है/हैं?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

54. निम्नलिखित में से कौन-सा/से देश इज़रायल के साथ सीमा साझा करता है/हैं?

1. जॉर्डन
2. मिस्र
3. ईरान
4. लेबनान

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिये:

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 4

55. बेसिल कैलमेट-गुएरिन (BCG) वैक्सीन के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह ज़ीका वायरस के खिलाफ काम करता है।
2. यह तपेदिक (TB) की रोकथाम के लिये उपलब्ध एकमात्र टीका है।
3. यह कुछ भौगोलिक स्थानों में अच्छी तरह से काम करता है और दूसरों में इतनी अच्छी तरह से नहीं।

नोट :

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. केवल 1, 2 और 3

56. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं ?

1. विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा जारी, कवक प्राथमिकता रोगजनक सूची (FPPL) में19 कवक शामिल हैं।
2. "ब्लैक फंगस" को उच्च प्राथमिकता समूह में शामिल किया गया है।

नीचे दिये गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिये:

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

57. 'सूचना प्रौद्योगिकी नियम 2021' के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. ये नियम उपयोगकर्त्ताओं को हानिकारक/गैरकानूनी सामग्री अपलोड करने से रोकने के लिये उचित प्रयास करने हेतु मध्यस्थों पर कानूनी दायित्व डालते हैं।
2. बिचौलिये किसी भी स्पष्ट यौन सामग्री के बारे में शिकायत प्राप्त करने के 24 घंटों के भीतर पहुँच को हटाना या अक्षम करना आवश्यक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1

B. केवल 2

C. 1 और 2 दोनों

D. न तो 1 और न ही 2

58. "भारत में राज्यपाल की शक्तियाँ" के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. संविधान में राज्यपाल की शक्तियों के प्रयोग के लिये कोई दिशानिर्देश नहीं हैं।
2. राज्यपाल किसी विधेयक पर सहमति को कितने समय तक रोक सकता है, इसकी कोई सीमा निर्धारित नहीं है।
3. राज्यपाल अपने मंत्रिपरिषद की सलाह माँनने को बाध्य है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं ?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 3

D. 1, 2 और 3

59. सरदार वल्लभभाई पटेल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. वह भारत के पहले गृह मंत्री थे।
2. उन्हें 'भारत के सिविल सेवकों के संरक्षक संत' के रूप में याद किया जाता है।
3. उनकी जयंती के उपलक्ष्य पर हर साल 31 अक्तूबर को राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

A. केवल 1 और 3

B. केवल 2 और 3

C. केवल 1 और 2

D. 1, 2 और 3

60. भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान (IARI) ने कालानामक चावल की दो नई बौनी किस्मों का सफलतापूर्वक परीक्षण किया। कालानामक चावल के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिये:

1. यह सफेद भूसी वाले धान की एक पारंपरिक किस्म है।
2. इसे 'भगवान बुद्ध का उपहार' के रूप में भी जाना जाता है।
3. इसकी खेती केवल भारत के दक्षिणी भागों में की जाती है।
4. यह मुख्य रूप से उर्वरक या कीटनाशक अवशेषों का उपयोग किये बिना उगाया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही नहीं हैं?

A. केवल 1 और 2

B. केवल 2 और 4

C. केवल 1 और 3

D. 1, 2, 3 और 4

## उत्तर भाग-2

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1. C | 2. C | 3. C | 4. D | 5. A |
| 6. C | 7. A | 8. D | 9. B | 10. B |
| 11. C | 12. C | 13. D | 14. D | 15. A |
| 16. C | 17. A | 18. D | 19. B | 20. A |
| 21. D | 22. C | 23. A | 24. A | 25. A |
| 26. A | 27. C | 28. C | 29. D | 30. B |
| 31. A | 32. A | 33. C | 34. B | 35. B |
| 36. C | 37. C | 38 A | 39. B | 40. C |
| 41. C | 42. B | 43. A | 44. B | 45. C |
| 46. C | 47. B | 48. B | 49. B | 50. D |
| 51. B | 52. D | 53. B | 54. D | 55. B |
| 56. C | 57. B | 58. D | 59. D | 60. C |

नोट :